जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

पत्रांक–जे0एन0सी0यू0 / सा0प्र0 / 7733 / 2025 दिनांकः 24 जनवरी, 2025

सेवा में,

प्रचार्य / प्राचार्या / प्रबन्धक,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
जननायक चद्रशेखर विश्वविद्यालय,
बलिया।

विषय– प्रदेश के उच्च शिक्षण संस्थानों में पंजीकृत समस्त विद्यार्थियों की ABC/APPAR ID बनाये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक उत्तर प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा अनुभाग–3 के पत्र संख्या–466 / सत्तर–3–2024, दिनांकः 26.02.2024 तथा पत्र संख्याः 900 / सत्तर–3–2024–08(34) / 2020, दिनांकः 26 अप्रैल, 2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में अध्ययनरत समस्त विद्यार्थियों की ABC/APPAR ID एकेडमिक बैंक आफ क्रेडिट पोर्टल – www.abc.gov.in पर बनाये जाने के निर्देश प्रदान किये गये हैं।

तत्क्रम में सूच्य है कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में अध्ययनरत समस्त विद्यार्थियों की ABC/APPAR ID बनाये जाने की कार्यवाही विश्वविद्यालय स्तर से संस्थित की गयी थी, किन्तु कतिपय विद्यार्थियों का विवरण आधार कार्ड के विवरण से मेल न खाने अथवा अपूर्ण होने के कारण उनकी ABC/APPAR ID नहीं बन बन पायी है।

अतः उपरोक्तानुक्रम में यथासम्बन्धित महाविद्यालयों से सम्बन्धित विद्यार्थियों की सूची ई–मेल एवं वाट्सएप के माध्यम से प्रेषित की जा रही है। कृपया Excel Sheet में विद्यार्थियों का विवरण भर कर 02 कार्यदिवसों में विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें, जिससे तद्नुक्रम में तद्नुसार अग्रेतर कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

भवदीय,

(एस0एल0पाल)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

04. माननीय कुलपति जी।
05. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव

पताः–शहीद स्मारक, निकट सुरहा ताल, जिला–बलिया,उ0प्र0 पिन कोडः–277001
Address:- Saheed Smarak, Near Surha Taal, Dist-Ballia, U.P. Pin Code-277001
Website:-www.jncu.ac.inE-mail :- jncuballia@gmail.com